प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय,
दिनांक–20.10.2023 (सं0–344)

दुर्गा पूजा पर्व 2023 के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु अतिरिक्त बलों के प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में

- शारदीय नवरात्र आसन्न है। दिनांक 23.10.2023 को नवमी है तथा दिनांक 24.10.2023 को विजयादशमी है। राज्य पुलिस के लिए पर्व के शान्तिपूर्ण समापन के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन महत्वपूर्ण है। इस वर्ष भी जुलूस लाइसेन्स शर्तों के साथ निर्गत किया गया है। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बल की प्रतिनियुक्ति के साथ आवश्यक प्रशासनिक प्रबन्धन किया गया है। किसी परिस्थिति में प्रतिमाओं का शान्तिपूर्ण विसर्जन हमारा ध्येय है। असमाजिक तथा अराजक तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
- सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरतने, 24 घंटा पेट्रोलिंग, भारत–नेपाल सीमा तथा पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सी0सी0टी0वी0 के द्वारा भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। सादे परिधानों में भी पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है।
- राज्य में पिछले कुल वर्षों से औसतन 14,000 से 15,000 प्रतिमायें स्थापित की जाती हैं। पिछले वर्ष 2022 में कुल 14,726 प्रतिमायें स्थापित की गई थीं। इस वर्ष 15,559 प्रतिमायें स्थापित किये जाने की सूचना है।
- सर्वाधिक पटना में 1,378, छपरा में 1,029, तथा अन्य जिलों में 1000 से कम प्रतिमाओं के स्थापित किये जाने की सूचना है।
- इस अवसर पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से राज्य के सभी जिलों में **अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति दिनांक 16.10.2023 से दिनांक 28.10.2023 तक** की गयी है।

- विभिन्न जिलों में अतिरिक्त बलों प्रतिनियुक्ति की विवरणीः–

- पटना जिलाः–

1. प्रशिक्षु सिपाही + पी0टी0सी0 –लगभग 2000
2. बि0वि0स0पु0 –07 कम्पनी
3. गृहरक्षक –1,200

- अन्य जिलों में प्रतिनियुक्तिः–

1. प्रशिक्षु सिपाही + पी0टी0सी0 –लगभग 11,000
2. बि0वि0स0पु0 –26 कम्पनी
3. गृहरक्षक –3,300

कुल अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति

1. प्रशिक्षु सिपाही + पी0टी0सी0 –लगभग 13000
2. बि0वि0स0पु0 –33 कम्पनी
3. गृहरक्षक –4,500

- सभी जिलों में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश से बल तथा दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

- पुलिस मुख्यालय के स्तर से भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु मुख्यालय स्तर पर स्टेट पुलिस कमाण्ड सेण्टर का भी गठन किया गया है। यह कमाण्ड सेन्टर दिनांक 23.10.2023 के अपराह्न से दिनांक 28.10.2023 अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। 24X7 तीन पालियों में चलने वाले इस विशेष कमाण्ड सेन्टर में 03 पुलिस अधीक्षक, 01 अपर पुलिस अधीक्षक तथा 07

पुलिस उपाधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस कमाण्ड सेन्टर में पुलिस मुख्यालय के प्रभागों यथा–विशेष शाखा, आर्थिक अपराध इकाई, विधि–व्यवस्था इत्यादि से 01–01 पुलिस निरीक्षक/पुलिस अवर निरीक्षक प्रत्येक पाली में प्रतिनियुक्त रहेंगे। ये प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने–अपने प्रभाग से संबंधित दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

- सोशल मीडिया पर हो रही गतिविधियों पर भी पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेन्टर के द्वार **24X7 निगरानी** रखी जा रही है।

xxxxxxxxx